पत्र संख्या–1/स्था0 (21) 33/2026–....................../

**बिहार सरकार**

**डयेरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग**

प्रेषक,

नीरज कुमार देवनाथ,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0),
बिहार, पटना।

प्रभारी पदाधिकारी,
वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग,
बिहार, पटना।

पटना–15, दिनांक– /2026

विषय :– **डॉ0 राकेश कुमार सिंह, तदेन भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, रघुनाथपुर, सिवान सम्प्रति जिला पशुपालन पदाधिकारी, सुपौल का दिनांक–05.05.1995 (एक दिन) का सेवा विनियमन के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागीय अधिसूचना संख्या–1728–सह–पठित ज्ञापांक–1729, दिनांक–29.04.1995 के द्वारा डॉ0 राकेश कुमार सिंह को भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, रघुनाथपुर, सिवान के पद पर पदस्थापित किया गया।

2. डॉ0 सिंह द्वारा जिला पशुपालन पदाधिकारी, सिवान के कार्यालय में दिनांक–05.05.1995 के पूर्वाह्न में योगदान समर्पित किया गया, जिसके पश्चात जिला पशुपालन पदाधिकारी, सिवान के आदेश ज्ञापांक–222, दिनांक–05.05.1995 के द्वारा भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, रघुनाथपुर, सिवान के पद का प्रभार ग्रहण करने का निदेश दिया गया।

3. उक्त निदेश के आलोक में डॉ0 सिंह द्वारा दिनांक–06.05.1995 के पूर्वाह्न में भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, रघुनाथपुर, सिवान का प्रभार ग्रहण किया गया।

4. वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना द्वारा प्रभार ग्रहण की तिथि को ही योगदान की तिथि मानते हुए दिनांक–06.05.1995 से डॉ0 सिंह का वेतन पुर्जा निर्गत किया गया।

5. चूँकि डॉ0 सिंह विभागीय अधिसूचना संख्या–1728–सह–पठित ज्ञापांक–1729, दिनांक–29.04.1995 के आलोक में जिला पशुपालन पदाधिकारी, सिवान के कार्यालय में दिनांक–05.05.1995 के पूर्वाह्न में अपना योगदान समर्पित कर चुके थें।

6. अतएव डॉ0 राकेश कुमार सिंह, तदेन भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, रघुनाथपुर, सिवान सम्प्रति जिला पशुपालन पदाधिकारी, सुपौल का दिनांक–05.05.1995 (एक दिन) का प्रभार रहित अवधि को असाधारण अवकाश के रूप में विनियमित किया जाता है।

7. इस पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

**विश्वासभाजन**

ह0/–

**सरकार के अवर सचिव।**

ज्ञापांक–1 / स्था0 (21) 33 / 2026–........................./ पटना–15, दिनांक–........................../ 2026

**प्रतिलिपिः**–सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना / निदेशक, पशुपालन, बिहार, पटना / क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन, सारण क्षेत्र, छपरा / कोसी क्षेत्र, सहरसा / जिला पशुपालन पदाधिकारी, गोपालगंज / सिवान / कोषागार पदाधिकारी, गोपालगंज / सिवान / सुपौल / डॉ0 राकेश कुमार सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी, सुपौल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–1 / स्था0 (21) 33 / 2026–4430........./ पटना–15, दिनांक–17/08/ 2026

**प्रतिलिपिः**–आई0टी0 प्रबंधक, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के अवर सचिव।